प्रेस नोट जनपद फतेहपुर
दिनांक- 30.07.2025
पुलिस मुठभेड़

थाना किशनपुर व एसओजी की संयुक्त टीम को मिली सफलता। थाना किशनपुर अंतर्गत महिला के हत्या युक्त बरामद शव की घटना में संलिप्त अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त की निशादेही पर घटना स्थल से एक मोबाइल व एक जोड़ी चप्पल बरामद।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 29.07.2025 को थाना किशनपुर के ग्राम एकडला अंतर्गत दमहा नाला के पास झाडियों से महिला के बरामद हत्यायुक्त शव के संबंध में पति/वादी इन्द्रसेन पुत्र रामगोपाल निषाद निवासी ग्राम एकडला थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर की तहरीर पर अ0स0-180/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस विरुद्ध सर्वेश निषाद पुत्र स्व0 रामस्वरुप निषाद निवासी ग्राम एकडला थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 25 वर्ष के पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में एसओजी व थाना किशनपुर की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त सर्वेश निषाद उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर घटना के बावत पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा घटना के स्वीकारोक्ति उपरान्त अभियुक्त को साथ लेकर घटनास्थल पर अभियुक्त की चप्पल व मोबाइल की तलाश दौरान अभियुक्त द्वारा मौका पाकर मौजूद उ0नि0 की पिस्टल छीनकर भागने लगा एवं जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम की तरफ लक्ष्यकर फायर करने का प्रयास कर रहा था, जिस पर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त सर्वेश निषाद के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घायल /गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः--

1.सर्वेश निषाद पुत्र स्व0 रामस्वरुप निषाद निवासी ग्राम एकडला थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरणः –

1. एक अदद मोबाइल
2. एक जोडी चप्पल

A. गिरफ्तार करने वाली टीम थाना किशनपुर-

1. थानाध्यक्ष श्री सत्यदेव गौतम थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 आलोक तिवारी
3. उ0नि0 प्रभांशू शुक्ला
4. उ0नि0 ताजहसन
5. का0 अनुज राजपूत
6. का0 राजेश तिवारी

B. एसओजी टीम

1. श्री विनोद कुमार यादव प्रभारी एसओजी जनपद फतेहपुर
2. मु0आ0 अनिल सिंह
3. का0 अतुल त्रिपाठी
4. का0 अभिमन्यू सिंह
5. का0 बृजेश पाल
6. का0 अमन सिंह
7. का0 राहुल कुमार

सोशल मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर